E-Mail: coeoffice@csjmu.ac.in

# छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर
## CHHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् द्वारा **A++** ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formerly Known as Kanpur University, Kanpur-208024)

**सन्दर्भ सं०: सी.एस.जे.एम.वि.वि. / COE / 887 / 2025** **दिनांक: 03 / 10 / 2025**

समयबद्ध / अति आवश्यक

सेवा में,

**प्राचार्य / प्राचार्या,**
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

**विषय : छात्र / छात्राओं की स्पेशल बैक परीक्षा / Supplementary Exam. सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय–ज्ञाप सन्दर्भ संख्या– सी0एस0जे0एम0वि0वि0 / COE / 881 / 2025 दिनांक 30.09.2025 द्वारा छात्र / छात्राओं की स्पेशल बैक परीक्षा / Supplementary Exam. दिनांक 06.10.2025 से सम्पन्न करायी जानी है, जिस हेतु समर्थ पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म पूरित कराये गये हैं। कतिपय महाविद्यालयों द्वारा सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म को समर्थ पोर्टल के माध्यम से सत्यापित नहीं किया गया है, जबकि उनके द्वारा परीक्षा शुल्क का भुगतान किया गया है, जिस कारण सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के प्रवेश पत्र, सत्यापन पत्रक एवं रोल लिस्ट निर्गत नहीं हो पाये हैं।

अतः उक्त के दृष्टिगत आपसे अपेक्षा है कि अपने महाविद्यालय के सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के परीक्षा फार्म समर्थ पोर्टल के माध्यम से आज दिनांक 03.10.2025 को ही सायं 06:00 बजे तक प्रत्येक दशा में सत्यापित कराना सुनिश्चित करें, जिससे परीक्षा सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

भवदीय

**(राकेश कुमार)**
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. वैय0 सहायक, कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक / वित्त अधिकारी।
3. पी0एम0यू0 / कोडिंग सेल।
4. सम्बन्धित पत्रावली।

3/10/25

**(हिमांशु शुक्ला)**
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)